घटनास्थल पर जांच करती पुलिस।

बेटी की मौत पर गमगीन बैठे पिता व अन्य परिवार के सदस्य।

बेकाबू ट्रक ने स्कूटी सवार छात्रा को रौंदा

नो इंट्री में शहर में यमदूत बनकर दौड़ रहे ट्रक

नंदनी (फा.फो.)

कानपुर, 20 दिसम्बर। सीसामऊ थानाक्षेत्र के जीटी रोड में तेज रफ्तार ट्रक ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही स्कूटी सवार छात्रा को रौंद दिया। हादसे के बाद भाग रहे ट्रक चालक को पब्लिक ने दौड़ाकर धर दबोच लिया और जमकर पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित भीड़ के चंगुल से जैसे-तैसे चालक को छुड़ाया और उसे थाने ले आई। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रायपुरवा के कारवालो नगर निवासी राजकुमार महेश्वरी की की बेटी नंदनी महेश्वरी (19) प्रतियोगी परीक्षा (कम्पनी सेकेट्री) की तैयारी कर रही थी। जबकि फजलगंज स्थित इंडिया थर्मिट कॉरपोरेशन कम्पनी में काम करते हैं। रोज की तरह बुधवार दोपहर वह स्वरूप नगर स्थित एक कोचिंग से घर आ रही थी। तभी सीसामऊ एसीपी कार्यालय से चंद कदम की दूरी पर तेजाब मील मोड़ के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के भाग रहे चालक ने सड़क पर गिरी नंदिनी को पहियों से रौंद दिया। घटना से इलाके में हड़कम्प मच गया। वहीं भाग रहे चालक को पब्लिक ने दौड़ाकर धर दबोच लिया। आक्रोशित भीड़ ने चालक को पीटने के बाद पुलिस के हवाले किया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक चालक नशे में धुत था। सूचना परर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर आई कार्ड के जरिये परिजनों को सूचना दी। नंदनी की मौत की जानकारी मिलते ही मां पूजा व बड़ी बहन कृष्णा का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सीएस की कर रही थी तैयारी, जीटी रोड के तेजाब मिल मोड़ के पास की घटना

मदद के बजाय पब्लिक बनाती रही वीडियो

कानपुर। तेज रफ्तार ट्रक ने नंदनी को जिस वक्त टक्कर मारी थी। एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार किशोरी की करीब दस मिनट तक सांस चल रही थी। साथ ही वह हेलमेट भी पहने थी। हादसे के बाद तमाशबीन छात्रा को अस्पताल पहुंचाने के बजाय सिर्फ मोबाइल से वीडियो बनाने में मशगूल रहे। इस दौरान नंदनी ने तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। हालांकि, समय रहते अगर छात्रा को अस्पताल पहुंचाया जाता तो शायद एक उम्मीद के तहत वह कहीं जिंदा रहती।

होनहार बेटी की मौत पर परिवार में कोहराम

कानपुर। नंदनी इंटर की परीक्षा में काफी अच्छे नम्बर से पास हुई थी। जिस कारण पिता राजकुमार महेश्वरी ने उसे दीपावली में स्कूटी खरीद कर दी थी। इस बीच वह स्कूटी से ही कोचिंग जा रही थी। लेकिन यमदूत बनकर आये बेकाबू ट्रक ने चंद मिनट में नंदिनी को काल में समा दिया। बेटी की मौत पर मां पूजा बदहवास रही। जबकि पिता समेत बड़ी बहन कृष्णा का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

शराब के लिये रुपये न देने पर नशेबाज ने युवक को पीटा

कानपुर, 20 दिसम्बर। रेलबाजार में शराब के लिए रुपये न देने पर नशेबाजों ने युवक को बेरहमी से मारपीट की। शोर-शराबा सुन इलाकाई लोगों के आने पर आरोपित धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कराया। मूलरूप से बांदा निवासी राजू के अनुसार वह रेलबाजार में रामबाबू की खानपान की दुकान में पिछले पांच साल से काम कर रहे हैं। साथ ही वहीं पर रहते हैं। 13 दिसम्बर की देर शाम को इलाकाई दबंग नशे में धुत अमित गुप्ता आया और शराब के लिये रुपये मांगने लगा। रुपये न देने पर नशेबाज ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर अमित ने राजू से मारपीट की। शोर-शराबा सुन इलाकाई लोगों के आने पर आरोपित धमकी देकर फरार हो गया। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाने में की। रेलबाजार इंस्पेक टर विजय दर्शन शर्मा ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले में विधिक कारवाई की जा रही है।

बेकनगंज पुलिस जाल में फंसा शातिर

कानपुर, 20 दिसम्बर। शहर में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बेकनगंज पुलिस ने शातिर अपराधी को धर दबोच लिया। पुलिस ने शातिर के पास से एक देशी तमंचा व एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम नाजिरबाग निवासी मो सोहेल उर्फ मामा ठाकुर बताया। शातिर पुलिस को कई बार पहले भी चकमा दे चुका है। फिलहाल, पुलिस ने आरोपित से पूछताछ कर उसे जेल भेज दिया।

दरोगा ने दुकान में घुसकर व्यापारी को थप्पड़ मारा, हंगामा

व्यापारियों की एसीपी से तीखी नोकझोंक हुई

सोशल मीडिया में वीडियो वायरल

आक्रोशित व्यापारियों को शांत कराती एसीपी।

कानपुर, 20 दिसम्बर। सीसामऊ थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान सड़क पर अतिक्रमण देख एक दरोगा भड़क गए। दरोगा ने दुकान में घुसकर व्यापारी से मारपीट की। मामले की जानकारी पर आधा सैंकड़ा से अधिक व्यापारी थाने में पहुंच गए और जमकर हंगामा किया। व्यापारियों ने पुलिस पर गालीगलौज कर अभद्रता करने का आरोप लगाकर दोषी दरोगा को सस्पेंड की मांग की। इतना ही नहीं दागी पुलिस की करतूत उजागर करने पर वीडियो बनाने पर खाकी ने मीडिया से अभद्रता तक की। पीरोड स्थित मोहन फुट वियर के मालिक बल्लू और उनका बेटा दिनेश बुधवार शाम ग्राहकों को फुटवियर दिखा रहे थे। इस दौरान गोपाल टॉकीज से एसीपी सीसासऊ श्वेता कुमारी के नेतृत्व में थाना प्रभारी हिमांशु चौधरी व पुलिस फोर्स गश्त करते आगे बढ़ रही थी। पुलिस फोर्स सड़क पर फैले अतिक्रमण समेत बेतरतीब खड़ी गाड़ियों को हटाने का निर्देश दे रहे थे। बल्लू की दुकान पर पहुंचने पर पुलिस ने फुटपाथ पर कब्जा को हटाने को कहा। इस पर व्यापारी का बेटा दिनेश ने सड़क पर फैले फुटवियर के डिब्बों को समेटने के लिए कर्मचारी से कहा और पुलिस फोर्स का वीडियो बनाना शुरू कर दिया। आरोप है कि गश्त कर रहे एक दरोगा दुकान के भीतर घुस आया और दिनेश को थप्पड़ मारकर वापस चला गया। वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद व्यापारियों के होश उड़ गए। दिनेश का आरोप है कि थप्पड़ मारने का विरोध करते हुए वीडियो बनाया जिस पर एसीपी श्वेता कुमार भी उस पर भड़क गईं। आरोप है कि एसीपी ने पूरा फोर्स दुकान में खड़ा करने की धमकी दे डाली। इतना ही नहीं आरोप है कि पुलिस थप्पड़ मारने के बाद दिनेश को जीप में बैठाकर थाने ले गई। मामले की जानकारी पर आधा सैकड़ा व्यापारियों ने सीसामऊ थाने पहुंच गये और जमकर हंगामा किया। व्यापारियों ने पुलिस पर अभद्रता, गालीगलौज करने का आरोप लगाया। इतना ही नहीं थाने में व्यापारियों की एसीपी और थाना प्रभारी से जमकर झड़प हुई। दागी पुलिस की करतूत उजागर करने पर पुलिस ने वीडियो बना रहे मीडियाकर्मियों से भी अभद्रता की। हालांकि, मामले में एडीसीपी सेन्ट्रल अंकिता सिंह का कहना है कि पुलिस पर लगाये गए आरोप निराधार है। फिलहाल मामले की जांच कर विधिक कारवाई की जाएगी।

गश्त के दौरान पुलिस अतिक्रमण हटाने की दे रही चेतवानी, वीडियो बना रहे मीडियाकर्मियों से अभद्रता

कथा स्थल पर पहुंचे धनीराम ब्राह्मण महासभा ने सौंपा ज्ञापन

(आज समाचार सेवा)

घाटमपुर, 20 दिसम्बर। पहेवा गांव में बुद्धा कथा को लेकर दो पक्षों में तकरार की स्थिति बन गई है। सवर्ण व दलित समाज के नेता अपने-अपने पक्ष के समर्थन में आ गए हैं। कथा में ब्राह्मण महासभा ने संतों का सम्मान करने के लिए कहा है लेकिन कथा के नाम देवी-देवताओं व ब्राह्मण समाज का अपमान को गलत ठहराया है। वहीं बुद्ध कथा के आयोजकों ने इसे सिरे से नकार दिया है, उनका कहना है कि कथा में ऐसा कुछ नहीं हुआ। बवाल के बाद मंगलवार को दलितों के नेता धनीराव पैंथर व बसपा नेता कुलदीप संखवार बुद्ध कथा स्थल पर पहुंचे। इसपर ब्राह्मण महासभा ने कथा मंच को राजनैतिक मंच बनाने पर विरोध दर्ज कराया और मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। उधर, दलित पैंथर ने अभी तक अपमान सहने व अब अपमान न सहन किये जाने को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है। फिलहाल आज सोशल मीडिया से लेकर जमीनी स्तर पर दोनो पक्षों के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया जो आगे चलकर आक्रामक रूख धारण कर सकता है। इसपर अब पुलिस और प्रशासन को नजर रखते हुए कड़ी कारवाई करने की जरूरत है। थाना साढ़ के पहेवा गांव में बुद्ध कथा के नाम पर विवाद की स्थिति सोमवार को नहीं बनी बल्कि पहले से चली आ रही है। विगत वर्ष भी विवाद हुआ था, जिसपर पुलिस ने दोनों पक्षों पर शांतिभंग की कार्यवाही की थी। कथा के एक दिन बाद ही इसका गांव के लोगों ने विरोध कर पुलिस-प्रशासन से कथा को रोके जाने की बात कही थी। बताया गया था यहां बौद्ध कथा में देवी-देवताओं का अपमान व जाति विशेष पर टिप्पणी की जाती है। लेकिन इसे हलके में लिया गया, जिसका परिणाम यह हुआ कि सोमवार रात बवाल हो गया। उक्त घटना के बाद अब राजनैतिक लोग भी अपनी रोटियां सेंकने का काम कर रहे हैं। गांव में मंगलवार को धनीराव पैंथर व बसपा नेता कुलदीप संखवार पहुंचे। उन्होंने कथा स्थल में बने मंच से ही बयानबाजी शुरु कर दी। वहीं ब्राम्हण महासभा के द्वारा सोशल मीडिया से लेकर तहसील मुख्यालय घाटमपुर तक विरोध दर्ज कराया गया। खुद ही घटना का अंजाम देते हुये निर्दोष ब्राम्हण समाज के लोगों को फंसाने का आरोप लगाया गया। सीएम को संबोधित ज्ञापन भी तहसीलदार को सौंपा। कहा कि ब्राह्मणों को सोची-समझी साजिश के तहत ही मुल्जिम बनाया गया दिया, जिसका विरोध चहुंतरफा हो रहा है।

ब्राह्मण महासभा का आरोप कि फंसाने के लिए खुद ही की गयी तोड़फोड़

गांव की गलियों में फैला सन्नाटा।

बवाल के बाद गांव पहेवा में तैनात फोर्स।

अपमान व कारवाई के विरोध में ज्ञापन देते ब्राम्हण सभा के लोग।

पुलिस सुरक्षा में बुद्ध कथा, तनाव बरकरार

गांव की गलियों में दिखा सन्नाटा, बढायी गई सुरक्षा

(आज समाचार सेवा)

भीतरगांव (घाटमपुर), 20 दिसम्बर। साढ़ थाना क्षेत्र के गांव पहेवा में बुद्ध कथा के समापन के बाद सोमवार रात हुए बवाल के बाद दूसरे दिन भी तनाव बरकरार रहा। पुलिस सुरक्षा में मंगलवार को बुद्ध कथा आयोजन हुआ। वहीं बवाल के बाद यहां पहुंचे विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं द्वारा कथा मंच को राजनैतिक मंच बनाये जाने पर ग्रामीणों में आक्रोश रहा। हालांकि सुरक्षा के व्यापक बंदो-बस्त रहे। जिससे स्थिति सामान्य रही और गांव की गलियों में सन्नाटा दिखा। गांव के ही 2 पक्षों में कथा को लेकर हुए विवाद को देखते हुए पुलिस ने यहां सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी है। वहीं कथा के आयोजक रामसागर की तहरीर पर तत्काल ब्राम्हण समाज के लोगों पर जांच के बिना संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किए जाने से भी सवर्ण समाज नाराज है। इसको लेकर सीएम पोर्टल पर शिकायत भी की गई है। वहीं दूसरे दिन गांव में दोनों पक्षों से राजनैतिक व समाजसेवी संगठनों के लोगों का आना-जाना रहा। संगीन के साये में किसी तरह बुद्ध का कथा का आयोजन हुआ, लेकिन गांव की गलियों में सन्नाटा छाया रहा। गांव में कारवाई को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं।

कथा के मंच में बैठे धनीराम पैंथर व बसपा नेता कुलदीप संखवार।

मुख्यमंत्री पोर्टल पर हुई शिकायत

घाटमपुर, 20 दिसम्बर। आरोपित पक्ष के समर्थन में उतरे लोगों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पोर्टल पर पुलिस द्वारा सिर्फ एक पक्ष पर कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही पहेवा में कार्यक्रम के जरिए जातीय उन्माद और समाज में बैरभाव फैलाने का आरोप लगाया है। मामले में निष्पक्ष कारवाई की मांग की गई है।

रेलबाजार और जाजमऊ में शातिर पर गैंगस्टर की कारवाई

कानपुर, 20 दिसम्बर। शहर में लूट और चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले गैंग के सदस्यों पर गैंगस्टर की कारवाई की। पुलिस अब गिरोह के सदस्यों की संपत्ति को चिन्हित कर कुर्की की कारवाई की करेगी। रेलबाजार इंस्पेक्टर विजय दर्शन शर्मा के अनुसार चकेरी के सनिगवां निवासी गैंग लीडर सूरज कुमार, निखिल तिवारी उर्फ स्मार्टी, राहुल तिवारी उर्फ पंडित, रवि यादव और बिठूर निवासी नीरज निषाद ने इलाके में घूम-घूमकर लूट, चोरी और मारपीट समेत अन्य वारदातों को अंजाम दिया है। गैंग को लेकर क्षेत्र में आज भी भय व्याप्त है। गैंग लीडर सूरज कुमार गिरोह बनाकर वारदात को अंजाम देता है। मामले में पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हालांकि, पुलिस ने अब आरोपितों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कारवाई की। उधर, दूसरी तरफ जाजमऊ में भी चोरी करने वाले एक गिरोह के सदस्यों पर गैंगस्टर एक्ट का मामला दर्ज किया गया है। जाजमऊ थाना प्रभारी अरविंद सिंह सिसोदिया ने बताया कि नौबस्ता निवासी अभिषेक प्रताप सिंह, जाजमऊ निवासी योगेन्द्र उर्फ रिंकू, पनकी निवासी विपिन सिंह और तनमयराज ने घूम-घूमकर में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। हाल ही में गिरोह के सदस्यों ने ई-रिक शे से बैट्रियां चुराई थीं।

शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण, घर में घुसकर पीटा

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 20 दिसम्बर। किदवई नगर में एक विधवा से शादी करने का झांसा देकर शारीरिक शोषण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की मानें तो युवक ने दो साल तक उसका शोषण किया। जब शादी करने के लिए कहा तो युवक ने अपने भांजे के साथ घर में घुसकर पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने थाने में शिकायत की। पुलिस ने सुनवाई नहीं की तो बुधवार को डीसीपी दक्षिण कार्यालय में पहुंचकर गुहार लगाई। किदवई नगर थाना क्षेत्र निवासी 33 वर्षीय महिला ने आरोप लगाते हुए बताया कि करीब दो साल पहले पति की हार्ट अटैक पड़ने से मौत हो गई थी। वह 13 साल की बेटी संग रह रही हैं। इसबीच पूर्व में बगाही के जिस मकान में उनका परिवार किराए पर रहता था, उस मकान के मालिक मदद करने के बहाने आने लगे। बाद में शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण किया। जब शादी करने को कहा तो आरोपित और उसके भांजे ने घर में आकर मारपीट व जान से मारने की धमकी दी। थानाप्रभारी किदवईनगर बहादुर सिंह ने बताया कि उनके संज्ञान में मामला नहीं है, अगर कोई तहरीर देगा तो जांच कर विधिक कारवाई होगी।

किदवई नगर थाना क्षेत्र का मामला, पीड़िता ने डीसीपी कार्यालय पहुंचकर मांगा न्याय

दुष्कर्म का आरोप, एसीपी कार्यालय पर बैठी महिला

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 20 दिसम्बर। गोविंदनगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने इलाके के दुकानदार पर ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने व वेश्यावृत्ति का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। बुधवार को पुलिस पर 6 माह से आरोपित पर कारवाई न करने का आरोप लगाकर पीड़ित महिला एसीपी बाबूपुरवा कार्यालय पहुंच गई और यहां धरने पर बैठ गई। पुलिस ने किसी तरह महिला का वहां से समझा-बुझाकर उठाया। महिला के मुताबिक करीब छह माह पहले घर के पास रहने वाले एक दुकानदार ने रात में घर लौटने के दौरान जबरन अपनी दुकान में खींच लिया और बेटी को जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया। इसके बाद वह ब्लैकमेल कर अक्सर उसका शारीरिक शोषण करता रहा और वेश्यावृत्ति का दबाव बना रहा है। यही नहीं विरोध पर उसने सरिया से हमला कर घायल कर दिया था। नाक में गंभीर चोट भी आई थी। पुलिस ने मारपीट, धमकी में मुकदमा तो दर्ज किया लेकिन दुष्कर्म की धारा नहीं लगाई। कारवाई के लिए रविवार रात को वह एसीपी कार्यालय में धरने पर बैठ गई। जानकारी होते ही थाना पुलिस ने कारवाई का आश्वासन देकर उसे हटवाया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ। हालांकि वायरल हुए इस वीडियो की आज हिंदी दैनिक पुष्टि नहीं करता है। वहीं थाना प्रभारी गोविंदनगर विक्रम सिंह ने बताया कि मारपीट की तहरीर दी गई थी, जिसमें चार्जशीट लगी है।

दुकानदार पर ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने का इल्जाम, वीडियो वायरल

ICICI Home Finance

कारपोरेट कार्यालय:—आईसीआईसीआई होम फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड,आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अन्धेरी-कुर्ला रोड, अन्धेरी (ईस्ट) मुम्बई-400059 इण्डिया।
शाखा कार्यालय:-भूतल, 104/438,पी.रोड, सिसामऊ,रामबाग चौराहा,कानपुर-208012

(देखें-नियम-8(6) के प्राविधान)

अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु सूचना

सिक्योरिटी इन्टरेस्ट (इन्फोर्समेण्ट) रूल्स-2002 के नियम-8(6) के प्राविधानों सहित सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट-2002 के अर्न्तगत अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा कर्जदारों एवं गारण्टीदाताओं को विशेष रूप से सूचना दी जाती है कि आईसीआईसीआई होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा सिक्योर्ड क्रेडिटर को बन्धक की गई/ प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति का *भौतिक कब्जा* ले लिया गया है तथा उसे नीचे दिये गये संक्षिप्त विवरण के अनुसार *जैसा है जहां है तथा जो भी वहां है* के आधार पर बिक्री की जायेगी।

क्र.सं.	कर्जदार/सहकर्जदारों/गारण्टीदाताओं/विधिक उत्तराधिकारियों के नाम ऋण खाता संख्या	ज्ञात प्रभारों यदि कोई है/सहित प्रतिभूतिव सम्पत्ति का विवरण	बकाया धनराशि	रिजर्व कीमत धरोहर धनराशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	सुरेन्द्रपाल सिंह सेठी (कर्जदार) सिमरनजीत कौर (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या LHKAN00001394946	इमारात की तीसरी मंजिल पर फ्लैट नंबर 305, जिसे शताब्दी इन्क्लेव के नाम से जाना जाता है, परिसर नंबर 118/548 और 118/458-ए और 175 ब्लॉक-जी एट स्कीम-1 एफडब्ल्यूएस ए एट एफडब्लल्यू एट कोशलपुरी कानपुर नगर कानपुर उत्तर प्रदेश-208012	रू. 53,79,160/- 15 दिसम्बर 2023	रू. 42,13,474/- रू. 4,21,350/-	03 जनवरी 2024 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	09 जनवरी 2024 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे

आन लाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी *ग्लोब टेक* के वेबसाइट (URL Link-/https://BestAuctionDeal.com) हमारी एक्शन एजेंसी टाइगर पर संचालित की जायेगी/ बंधक कर्ताओं को **08 जनवरी,2024** तथा **अपरान्ह-5.00 बजे** के पूर्व तक अतिरिक्त ब्याज सहित कुल बकाया का भुगतान करने के लिये अन्तिम अवसर प्रदान किया जाता है। अन्यथा इन सिक्योर्ड सम्पत्तियों को उपरोक्त शेड्यूल के अनुसार बिक्री कर दी जायेगी।

अपेक्षित बिडर्स धरोहर धनराशि जमा (ई.एम.डी.) आर.टी.जी.एस./डिमांड ड्राफ्ट (डी.डी.) (कालम/(ई) देखे) को **आई.सी.आई.सी.आई. होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड भूतल, 104/438,पी.रोड, सिसामऊ,रामबाग चौराहा,कानपुर-208012** पर **08 जनवरी,2024** के पूर्व अथवा तक **अपरान्ह 04.00** बजे के पूर्व अवश्य जमा कर देवे/ कृपया ध्यान दे यदि अपेक्षित बिडर्स उपरोक्त समय के अनुसार अपने आफर जमा करने में असमर्थ होगे तब निविदा प्रपत्रों की हस्ताक्षरित प्रतिलिपि **आई.सी.आई. सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड भूतल, 104/438,पी.रोड, सिसामऊ,रामबाग चौराहा,कानपुर-208012** पर **08 जनवरी,2024** के पूर्व अथवा तक **अपरान्ह 5.00 बजे** पूर्व जमा किया जा सकता है। धरोहर धनराशि जमा डिमाण्ड ड्राफ्ट (डी.डी.) आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड-आक्शन के पक्ष में **कानपुर** में देय किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक के **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड**-स्थान **कानपुर** के नाम होना चाहिये।

निरीक्षण, नीलामी की नियम तथा शर्तें अथवा निविदा के जमा के संबंध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड** से **9920807300** पर सम्पर्क करे **व सेल्स और मार्केटिंग पार्टनर नेक्सन सोल्यूशन प्राईवेट लिमिटेड।**

अधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताये किसी अथवा सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

विक्रय के विस्तृत नियम तथा शर्तों हेतु कृपया **https://www.icicihfc.com** देखें।

दिनांक: 21 दिसम्बर 2023
स्थान: कानपुर

अधिकृत अधिकारी
आई.सी.आई.सी.आई.होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड